समस्या | चारों ओर पसरी गंदगी, खरपतवार का जंगल और टूटे-बिखरे चिता स्थल मुक्तिधान के हालात बयां कर रहे

# मुक्ति मांग रहा जिला मुख्यालय का मुक्तिधाम





**डिंडोरी नवभारत 13 अगस्त।** जिले के मुख्य मुक्तिधाम की हालत बहुत ही दयनीय है। चारों ओर पसरी गंदगी, खरपतवार का जंगल और टूटे-बिखरे चिता स्थल की हालत देखकर लगता है कि यह अंतिम विदाई का स्थान नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही का स्मारक है। जहां कभी आत्मा की शांति के लिए दीप जलते थे, वहां अब मच्छरों की महफिल सजती है। जहां श्रद्धा से मौन रहना चाहिए, वहां अब लोग खरपतवार हटाने के लिए डंडा ढूंढते हैं और सांझ ढलते ही छलकते हैं जाम पर जाम। मुक्तिधाम के वर्तमान हालात देख ऐसा प्रतीत होता है जैसे नगर परिषद और प्रशासन की चुप्पी मानो यही कह रही हो कि मरने के बाद भी चैन नहीं मिलेगा।

शहर में सफाई अभियान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने में माहिर अफसरों को चाहिए कि एक दिन यहां आकर सेल्फी विद खरपतवार और गन्दगी के ढेर लें। शायद तभी समझ आएगा कि चमचमाते ऑफिस और जमीनी हकीकत में कितना फासला है। प्रशासन की ये बेरुखी सिर्फ जगह की बदहाली नहीं, बल्कि मृतकों के सम्मान पर भी कीचड़ है।

### जनप्रतिनिधि को नहीं नजर आती बदहाली

डिंडोरी को जिला बने तीन दशक होने को हैं, लेकिन मजाल है कि मुक्तिधाम को लेकर किसी अफसर या जनप्रतिनिधि ने कोई विशेष पहल कि हो, जबकि आना सबको यहीं है, लेकिन मौन धारण से पूर्व मुक्तिधाम की बदहाली पर थोड़ी गपशप और यहां से रवानगी होते ही सब अपनी-अपनी दिनचर्या में व्यस्त हो जाते हैं। जनप्रतिनिधि भी इस कदर स्वार्थ में लिप्त हो चुके है कि उन्हें मुक्तिधाम कि बदहाली नजर ही नहीं आती।

### इनका कहना है

मैं यहां अनेकों दफा अंतिम संस्कार में शामिल होने आता हूं, लेकिन हर बार खरपतवार और गंदगी के ढेर देख मन व्यथित हो उठता है। हां इतना जरूर कहूंगा कि मुक्तिधाम में आत्मा को शान्ति मिले न मिले, लेकिन खरपतवार और गंदगी की गारंटी जरूर मिलेगी।

**जीतेन्द्र विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष, हिंदू परिषद बजरंग दल**

मुक्तिधाम के दिन ब दिन बिगड़ते हालात देख अब शहरवासियों का धैर्य जवाब देने लगा है, मुक्तिधाम में उगी खरपतवार और चहुओर फैले गन्दगी के ढेर इस बात की गवाही देंगे कि सत्ता में बैठे लोग सिर्फ चुनावी मंचों पर जनता के सुख-दुख के साथी बनते हैं जमीनी हकीकत में नहीं।

**रविराज बिलैया, समाजसेवी**

वास्तव में मुक्तिधाम की बदहाली देख यही कहा जा सकता है कि हमारे जिम्मेदारे एवं जनप्रतिनिधियों को जहां जीवितों की सुध नहीं, वहां मृतकों के सम्मान की उम्मीद करना ही बेमानी साबित है। बहरहाल नगरीय प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है।

**सम्यक जैन, युवा अधिवक्ता**



# शिक्षा, सफाई व भोजन व्यवस्था में खामियां उजागर

▶ कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस



**डिंडौरी नवभारत 13 अगस्त।** जिला मुख्यालय और विकासखंड डिंडौरी के शैक्षणिक संस्थानों की हकीकत बुधवार को औचक निरीक्षण में तब सामने आ गई जब जिले कलेक्टर नेहा मारव्या ने शिक्षा, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे और मूलभूत सुविधाओं की जांच की। निरिक्षण में खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकीकृत माध्यमिक शाला भोंदू टोला, सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनुआसागर, एकीकृत प्राथमिक शाला धनुआसागर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडौरी, वृहद कन्या आश्रम डिंडौरी और पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय सुबखार का दौरा किया।

### विद्यार्थियों से सवाल पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी

सीएम राइज धनुआसागर में उन्होंने कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों से सीधे सवाल पूछकर पढ़ाई की गुणवत्ता परखी। विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण कर सूक्ष्मदर्शी यंत्र देखा और विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडल्स की सराहना की। प्राचार्य जे.एस. मरकाम को निर्देश दिए कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और आगामी परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम लाने का प्रयास करें।

### कन्या आश्रम में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

वृहद कन्या आश्रम डिंडौरी में स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, बिस्तर और आवासीय सुविधाओं की कमी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। आश्रम अधीक्षक के स्थानांतरण के बाद नई अधीक्षिका को चार्ज न देने पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग को नोटिस देने के निर्देश दिए। बीईओ के निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर उन्हें भी नोटिस जारी करने को कहा गया।

### भोजन की गुणवत्ता पर सवाल

पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय सुबखार में मीनू के अनुसार भोजन न मिलने और गुणवत्ता खराब पाए जाने पर डी पी सी रावेन्द्र मिश्रा को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए गए। नगर निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों और मोहल्लों में नियमित सफाई न मिलने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### निरीक्षण के दौरान इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, डीपीसी रावेंद्र मिश्रा, सीएमओ अमित तिवारी, कार्यपालन अभियंता राकेश बघेल, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, बीईओ बी.डी. सोनी, बीआरसी आर.के. तिवारी, उपसंचालक कृषि अभिलाषा चौरसिया, एनआरएलएम की अर्पणा पांडेय, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, पीडब्ल्यूडी के मोहिपत सिंह धुर्वे, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मानपुर में जलजमाव से बीमारी फैलने का खतरा

▶ कई वार्डों में चारों तरफ गंदगी, बजबजाती नालियां और कचरा नजर आता है



**चिल्हारी नवभारत 13 अगस्त।** नगर परिषद मानपुर में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता कई वाडों में गंदगी कीचड़ और जलजमाव से बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रदेश की सरकार स्वच्छता को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर स्वच्छता के संदेश दे रही हैं, वहीं नगर परिषद मानपुर में चारों तरफ फैली गंदगी, बजबजाती नालियां, सड़क पर बहता गंदा पानी और कचरा स्वच्छता अभियान पर सवाल खड़े कर रहे है।

नगर परिषद द्वारा स्वच्छता के नाम पर हर महीनों लाखों का भुगतान किया जाता है, लेकिन नगर की तस्वीर कुछ और ही बयां करती है और स्वच्छता सिर्फ कागजों में ही देखी जा सकती है। नगर के मुख्य मार्ग उमरिया शहडोल वार्ड नं 9 बस स्टैंड में कई दिनों से गंदे पानी का जमाव हो रहा है, जिससे संक्रमण फैलाने की संभावना है। इसकी खबर नगरीय प्रशासन सहित खंड के उच्च अधिकारियों को नहीं है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### कई दिनों से सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

नगर परिषद के सीएमओ, स्वच्छता अधिकारी, पार्षद एवं अनुविभागीय अधिकारी आए दिन इस सड़क से गुजरते हैं लेकिन इन्हें यह सब दिखाई नहीं देता। इसी तरह वार्ड नंबर 5 में हनुमान मंदिर से आगे मुख्य मार्ग पर कई दिनों से नाली का गंदा पानी बह रहा है, लेकिन स्वच्छता प्रभारी को कोई चिंता नहीं। जब मानपुर में ये हालात है तो सिगड़ी, सेमरा और गोवर्दे में हाल क्या हाल होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### विधायक से शिकायत के बाद हुई कार्यवाही

कुछ दिन पहले सिगड़ी वार्ड नंबर 3 में जलजमाव के कारण एक घर गिरने की स्थिति में था। वार्ड पार्षद द्वारा कई बार सीएमओ एवं स्वच्छता प्रभारी से घर गिरने की संभावना की आशंका जताई गई, लेकिन जिम्मेदारों ने तो आंख में पट्टी और कान में रुई डाली हुई है। आखिरकार गुस्से में आकर वार्ड पार्षद ने विधायक को अपनी व्यथा सुनाई। इसके बाद जलभराव की समस्या के लिए परिषद द्वारा बीच सड़क से पानी निकासी के लिए पाइप डाला गया।

## नियाज उपाध्यक्ष व फरीद बने महामंत्री

**दमोह।** विजय शर्मा जिला अध्यक्ष मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक संघ ने मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नियाज व फरीद खान को प्रांतीय उपाध्यक्ष व प्रांतीय महामंत्री बनने पर बधाई दी। जिला शाखा दमोह की ओर से साबिर खान का आभार व्यक्त किया हैं।

# एचआईवी व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**शहपुरा।** मध्य प्रदेश शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी युवा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासकीय अस्पताल शहपुरा के डॉ. बलराम सिंह उइके एवं डॉक्टर डॉली चौधरी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां, प्राथमिक उपचार की सावधानियां और स्वास्थ्य विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सिंह धुर्वे, श्रीराम ठाकुर, पीएस वरकड़े, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. सीएल रैदास, डॉ. राजू रैदास, डॉ. सुषमा मिश्रा, जागृति परिहार, डॉ. आरती मिश्रा, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. शालिनी धुर्वे, डॉ. संगीता श्याम, टीपी साहू, अंचल वर्मा, विशाल सिंह सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




तिरंगा यात्रा | संदीपनि विद्यालय व नवीन स्कूल सहित उमरिया, डिण्डौरी के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

# देशभक्ति के गीतों पर छात्र-छात्राओं व गणमान्यजनों ने मिलाया कदम से कदम







**शहपुरा नवभारत 13 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शहपुरा में सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) एवं नवीन हायर सेकंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए छात्र-छात्राएं, शिक्षक, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन देशभक्ति के जोश के साथ शामिल हुए। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां बच्चों ने भारत माता के जयकारे लगाए और देशभक्ति नारों और गीतों पर कदम से कदम मिलाया। इस अवसर पर एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, सीईओ अरविंद बोरकर, बीईओ प्रभु दयाल पटेल, प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, संदीप कुमार सोनी, जनशिक्षक अश्वनी कुमार साहू, बीआरसी गुरू साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रगान व मध्यप्रदेश गान गाकर भारत की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया।

### निकली तिरंगा यात्रा, ली स्वच्छता की शपथ

डिंडौरी। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत विकासखंड बजाग की ग्राम पंचायत चाड़ा में बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाड़ा से हुई, जहां से तिरंगा यात्रा ग्राम भ्रमण के लिए रवाना हुई।

इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ पूरे ग्राम में जोश व उल्लास का माहौल बना दिया। तिरंगा यात्रा के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर स्वच्छ और सुंदर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चाड़ा के उपसरपंच, पंच, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, मेंटर्स, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### सभी देशवासी हर घर तिरंगा फहराएं : एसपी

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि तिरंगा झंडा देश का गौरव है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान के साथ हर घर स्वच्छता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि नगरवासियों के अंदर देश के प्रति भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह तिरंगा रैली निकाली गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के युवाओं के दिलों में देशभक्ति को भावना का संचार करेगा। एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर में लगाना राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबध्दता को भी दर्शाता है।

## पुलिस कंट्रोल रूम से निकाली गई तिरंगा बाईक रैली



**नवभारत उमरिया।** जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के नेतृत्व में विशाल बाईक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ हुई जो नया बस स्टैंड, धावड़ा कालोनी, आरसी स्कूल एन एच 43 हाईवे, घंघरी नाका ब्रिज, पंधरी नाका, खलेसर नाका, खलेसर, गांधी चौक, जब स्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड, रानी दुर्गावती चौक होते हुए वापस पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची, जहां पर रैली का समापन किया गया। रैली में सभी ने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर आम जनों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की।

## चन्सुरा में निकली स्वच्छता रैली



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चन्सुरा विकासखंड मानपुर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली में पुलिस महानिरीक्षक सविता सुहाने, एसडीओपी नागेन्द्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी इंदवार, सरपंच माधव कोल, सचिव राजभान मिश्रा, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा राजेंद्र तिवारी, उप सरपंच कृष्णा तिवारी, विजय तिवारी, तारा प्रसाद तिवारी, प्रेमदास अवस्थी, बालकरण तिवारी, प्राचार्य धनेंद्र तिवारी, लवकेश उपाध्याय, सुधीर चतुर्वेदी, विष्णु द्विवेदी, अशोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## 22 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित



**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पड़वार में स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन की नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़वार में अध्ययनरत 7 छात्र एवं 15 छात्राओं को पात्रता अनुसार नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य अरूण कुमार द्विवेदी के मार्गनिर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी पीबी प्रजापति, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मानपुर विनोद कुमार मिश्रा, जिला व्यवसायिक समन्वयक कमलेश्वर सिंह, आईटी समन्वयक प्राचार्य अरूण द्विवेदी, अभिभावक तथा विद्यालय में पदस्थ शिक्षक उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय में छात्राओं को नि :शुल्क साईकिल वितरित



**शहपुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को सशक्त बनाने और उनकी पढ़ाई में सहूलियत देने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में बुधवार को नि :शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू, भाजपा जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद अवधिया, मंडल सदस्य किशन झारिया, अरुण अग्रवाल एवं नितिन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस योजना के तहत छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे समय पर विद्यालय पहुंच सकें और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे। भाजपा जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। अतिथियों ने साइकिल पाकर प्रसन्न छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, इसलिए छात्राएं लगन और मेहनत से पढ़ाई करें और अपने गांव-नगर का नाम रोशन करें। अतिथियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश भी दिए। साइकिल वितरण के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। संचालन प्रशांत कुमार साहू ने किया।

## 2 पर पांच हजार का इनाम घोषित

**नवभारत, दमोह 13 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जिले के 2 प्रकरणों में 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 171/25 धारा 64,64(2), बीएनएस 3,4 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी हरिओम लोधी पर 3 हजार रूपये तथा थाना तेजगढ़ के आरोपी अंगद लोधी पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है।



## बाघ के हमले से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

**चिल्हारी नवभारत 13 अगस्त।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र मानपुर (बफर) के मझौली बीट से लगे राजस्व क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति ननकू केवट पर बाघ ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी उपचार जारी है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम अतुलित प्रधान आत्मज श्री पंकज कुमार प्रधान हैं। मेरे पुत्र का आधार कार्ड बनवाते समय त्रुटिवश आधार केन्द्र द्वारा मेरे पुत्र के नाम को गलत अंकित कर आधार कार्ड में उसका बायोमेंट्रिक कर लिया गया है जिस कारण मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम दर्श प्रधान आत्मज श्री पंकज कुमार प्रधान हो गया है। जबकि मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में उसका सही नाम अतुलित प्रधान आत्मज श्री पंकज कुमार प्रधान चला आ रहा हैं। त्रुटिवश आचार केन्द्र द्वारा मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में दर्श प्रधान आत्मज श्री पंकज कुमार प्रधान हो गया है। मेरे पुत्र को सही नाम अतुलित प्रधान आत्मज श्री पंकज कुमार प्रधान चला के नाम से जाना व पहचाना जावें।